हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 जून 2024

**तापमान**
अधिकतम 44 .2 डिग्री
न्यूनतम 29 .5 डिग्री

11 आईजीयू में बढ़ा कुलसचिव प्रमोद कुमार का कार्यकाल



12 युवाओं व बच्चों की नहर में बेखौफ छलांग, प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहा जान का जोखिम



## खबर संक्षेप

### सड़क पर खड़ी एक्सीडेंटल गाड़ी के टायर चोरी

**रेवाड़ी।** एक्सीडेंट होने के बाद सड़क पर खड़ी गाड़ी के दो टायर व स्टेपनी चोरी हो गई। गांव रोहड़ाई निवासी रामबीर की कार का 9 जून की रात लाला गांव के पास ट्रक एक्सीडेंट हो गया था, जिससे कार चलने की हालात में नहीं थी। पुलिस ने गाड़ी को मामले में हैंडओवर कर दिया था। साधन का प्रबंध नहीं होने पर वह गाड़ी को नहीं ले जा सका। 10 जून को जब वह गाड़ी को लेन गया तो उसके दो टायर व स्टेपनी गायब थे। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### बेरली खुर्द के होटल से सामान चोरी

**जाटूसाना।** कोसली-रेवाड़ी रोड पर बेरली खुर्द में स्थित होटल की दीवार तोड़कर चोर चोरी कर ले गए। गांव निवासी प्रकाश ने बेरली खुर्द नहर के पास होटल किया हुआ है। रात के समय चोर होटल की दीवार तोड़कर ठंडे पेय पदार्थ की पेटियां व खाने के सामन के पैकेट चोरी कर ले गए। प्रकाश ने बताया कि ऐसी वारदात पहले भी हो चुकी है। जाटूसाना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### गांव से तीन वाहनों के टायर व बैट्री चोरी

**रेवाड़ी।** गांव बालावास अहीर में चोरी कार के टायर तथा ट्रैक्टर व कैंटर की बैट्री चोरी कर ले गए। गांव बालावास अहीर निवासी सतमीश कुमार, महेन्द्रपाल व महाबीर ने रामपुरा थाना पुलिस को दी शिकायत में 9 जून की रात चोर मकान के बाहर खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार के पिछले दो टायर, ट्रैक्टर की बैट्री व कैंटर की बैट्री चुरा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मालिक की आंखों के सामने बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर कॉलोनी में चोर बाइक चुरा ले गए। कॉलोनी निवासी अंकुर काकरान ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून की रात करीब 2:50 बजे वह शोर शराबा सुनकर घर से बाहर आया तो घर की गैलरी में खड़ी उसकी बाइक को चोर ले जा रहे थे। जब वह गली में पहुंचा तो चोर बाइक ले जा चुके थे। काफी देर तक कॉलोनी में बाइक की तलाश की, कामयाबी नहीं मिली। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### शिव कॉलोनी में मकान पर जबरन किया कब्जा

**रेवाड़ी।** शिव कॉलोनी स्थित प्लाट व मकान पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। नई बस्ती निवासी शिव प्रसाद गुप्ता ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका शिव कॉलोनी की गली नंबर 2 में प्लॉट व मकान है, जिसकी 1985 में रजिस्ट्री कराई हुई है और चारदीवारी व मकान बनाया हुआ है। 10 जून को कुद असामाजिक तत्व ताला तोड़ कर जबरन मकान में घुस गए और उस पर कब्जा कर लिया। जब वह अपने परिवार के साथ वहां पहुंचा तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। वह किसी भी तरह जान बचाकर वहां से आया। पीड़ित ने बताया कि मकान पर प्रदीप, विजयवीर व इन्द्रपाल सहित कई लोग बैठे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा चालक पर डंडे से हमला

**रेवाड़ी।** आजाद चौक पर एक गाड़ी चालक ने ई-रिक्शा चालक को डंडे से हमला करके घायल कर दिया। हंस नगर निवासी लक्ष्मण ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आजाद चौक से रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहा था तथा आजाद चौक के पास जाम लगा हुआ था। तभी एक गाड़ी चालक ने ई-रिक्शा के सामने ब्रेक लगा दिए और गाड़ी से उतरकर रिक्शा चालक पर डंडे से प्रहार किया। मारपीट के बाद वह गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

### समय पर निर्माण कार्य पूरे होने में सबसे बड़ी बाधा, कई ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी

# विकास कार्यों पर भारी ऑनलाइन टेंडर सिस्टम कम लागत पर अप्लाई करने भाग रहे ठेकेदार

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से 50 हजार रुपये से अधिक की अनुमानित लागत के विकासकार्यों के शुरू की गई ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया समय पर कार्य पूरे होने में सबसे बड़ी बाधा बन रही है। अनुमानित लागत से काफी कम पर ठेका लेने वाले ठेकेदार कार्य शुरू कराने से पहले ही छोड़कर भाग रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को अल्पावधि टेंडर प्रक्रिया से काम शुरू कराने पर मशक्कत करनी पड़ती है, जो विकासकार्यों में देरी का कारण साबित हो रही है। प्रदेश सरकार ने विकासकार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए पचास हजार रुपये से अधिक राशि के कार्य कराने के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रणाली शुरू की थी। इस प्रणाली के तहत एजेंसियां व पंजीकृत ठेकेदार आवेदन करते हैं। कई एजेंसियों से जुड़े ठेकेदार हर हाल में टेंडर हथियाने के लिए संबंधित विभाग की ओर से अनुमानित राशि से 50 फीसदी तक कम में काम करने को तैयार हो रहे हैं। प्रदेश में ऐसी एजेंसियों की संख्या काफी अधिक है, जिन्होंने मायनस में टेंडर लिए हुए हैं। इनमें से कई एजेंसियों ने तो काम शुरू नहीं किए। कई काम शुरू करने के बाद हाथ खड़े कर गईं। काम शुरू करने के बाद कई एजेंसियों से जुड़े ठेकेदार वर्क ऑर्डर हासिल करने के लिए संबंधित विभाग से एग्रीमेंट तक नहीं करते। बीच में काम छोड़कर भागने वाले ठेकेदारों के कारण कार्य ले हो जाते हैं। संबंधित विभागों को या तो काम छोड़ने वाले ठेकेदार के आसपास लागत दर पर काम करने का आवेदन करने वालों टेंडर दिया जाता है या फिर शार्ट टर्म टेंडर जारी करते हुए नए ठेकेदार की तलाश करनी पड़ती है। सिंचाई विभाग से लेकर कई अन्य विभागों में ऐसा ही चल रहा है, जिस कारण समय पर कार्य पूरे नहीं हो पा रहे।



रेवाड़ी। निमोठ के इस जोहड़ तक पाइप बिछाने का छोड़ा गया था ठेका।

#### बजट पास होने के बाद भी काम नहीं

सिंचाई विभाग की ओर से निमोठ गांव के पंचायती जोहड़ को नहरी पानी से भरने के लिए पाइप लाइन बिछाने का ठेका करीब 1.5 साल पहले छोड़ा था। इस ठेके को लेने वाली गोकुल सोसायट के ठेकेदार ने आज तक काम शुरू नहीं कराया है। ग्रामीण इसके विभागीय अधिकारियों से लेकर मंत्री तक के चक्कर लगा चुके हैं, परंतु ठेकेदार के कानों पर कोई जूं तक नहीं रेंगी है। गांव के इकलौता जोहड़ होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव के आदेश पर अधिकारियों ने ठेकेदार को बार-बार निमोठ की पाइप लाइन का काम शुरू कराने को कहा गया, लेकिन विभिन्न कारण बताते हुए ठेकेदार ने काम शुरू नहीं कराया। अब सिंचाई विभाग की ओर से ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसकी प्रतिभूति राशि जब्त करने का निर्णय लिया। यह ठेका दूसरे ठेकेदार को देने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। विभाग के एक्सईएन विकास कटारिया ने इसकी पुष्टि की है।

#### सरकार दूर करने जा रही खामियां



*ऑनलाइन टेंडर प्रणाली के तहत कई ठेकेदार कम लागत पर टेंडर हासिल करते हैं। इससे विकासकार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होने का संशय बना रहता है। प्रदेश सरकार टेंडर के समय अर्नेस्ट मनी डिपोजिट की राशि बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे ठेकेदार के लिए बीच में काम छोड़ना आसान नहीं होगा। -डा. बनवारीलाल, कैबिनेट मंत्री।*

#### ब्लैकलिस्ट किए जाएंगे ऐसे ठेकेदार



*जो ठेकेदार ऑनलाइन टेंडर हासिल करने के बाद समय पर काम शुरू नहीं कर रहे या कार्य पूरा करने में विलंब किया जा रहा है, उनकी सूची तैयार कराई जा रही है। ऐसी एजेंसीज अथवा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए उनकी ईएमडी जब्त की जाएगी।*

*-डा. अभयसिंह यादव, सिंचाई मंत्री।*

#### कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल

जो एजेंसी या ठेकेदार विभाग की ओर से अनुमानित राशि से कम पर काम करने के लिए टेंडर हासिल करते हैं, उनके कार्यों की गुणवत्ता हमेशा सवालों के घेरे में रहती है। ठेकेदार घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल से ही मायनस में लिए गए टेंडर की राशि को पूरा कर सकता है। कुछ बड़े ठेकेदार एक टेंडर से होने वाले घाटे को दूसरे से पूरा करने के लिए अपने का सही ढंग से अंजाम भी दे रहे हैं, लेकिन इनकी संख्या ज्यादा नहीं है।

## अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

जगन गेट चौकी पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल के गांव जाटूवास निवासी रोहित उर्फ शूटर के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली कि शिव सुंदर निवासी गांव बुड़ानी बस स्टैंड परिसर के सामने अवैध हथियार खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को एक अवैध देशी कट्टा व दो जिंदा रोंद के साथ काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह अवैध हथियार रोहित उर्फ शूटर से लेकर आया था। मामले में पुलिस ने सोमवार को अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## डीटीपी का फिर चला पीला पंजा, दस एकड़ में अवैध कॉलोनी की जमींदोज

- अवैध कॉलोनियों पर लगातार चल रही डीटीपी की कार्रवाई
- नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। बावल रोड पर अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी, डीटीपी मंदीप सिहाग।

डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग के आदेश पर विभाग की टीम ने मंगलवार को रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ रोड स्थित कुतुबपुर मौला की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने 10 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज किया। टीम ने आरसीसी की चारदिवारी व टाईल रोड नेटवर्क पर तोड़फोड की कार्रवाई की। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। डीटीपी की एक माह बाद यह कार्रवाई की गई। कार्यालय में ऐसे निर्माणों की सूची बनाकर तैयार की जा रही है, जिन पर किसी भी समय जेसीबी चल सकती है।

#### प्रापर्टी डीलरों के चंगुल में न फंसे लोग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

### दो बाइकों की टक्कर में कंपनी कर्मचारी की मौत

**बावल।** बावल क्षेत्र के गांव शाहपुर के पास दो बाइकों की टक्कर में कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक के भाई गांव रणसी माजरी निवासी राकेश कुमार ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई रामू 7 जून को रात करीब 8 बजे बावल स्थित कंपनी में ड्यूटी करके करके घर जा रहा था तथा वह दूसरी बाइक पर उसके पीछे चल रहा था। शाहपुर बस स्टैण्ड के पास पहुंचने पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई गंभीर चोटें आने पर सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। उसने आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर रामू को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसको गुरुग्राम अस्पताल ले जाया गया। गुरुग्राम अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने राकेश की शिकायत पर बाइक सवार पर केस दर्ज कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### अवैध हथियार के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल के पास से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली की दीपक उर्फ मुला उर्फ केडी निवासी भगाना कोटकासिम राजस्थान अवैध हथियार के साथ दिल्ली रोड के पास किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक एक देशी कट्टा व एक जिंदा रोंद बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### पैट्रोल पंप का मैनेजर लाखों का कैश लेकर फरार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई मोड स्थित पैट्रोल पंप पर कार्यरत मैनेजर रात को अलमारी का ताला तोड़कर लाखों का कैश चुराकर फरार हो गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गुरुग्राम सेक्टर-10 निवासी राहुल यादव ने करीब 10-12 साल से रोहड़ाई मोड के नजदीक गुरु छाया पेट्रो मोबाइल के नाम से पैट्रोल पंप किया हुआ है। पैट्रोल पंप पर गांव चांदनवास निवासी रामनिवास 8 साल से कार्य कर रहा है तथा रामनिवास के लड़के विकास कुमार को बतौर मैनेजर रखा हुआ था। 10 जून को सुबह जब पैट्रोल पंप का कैश संभालने के लिए राहुल ने स्टोर को खोला तो उसमें अलमारी का ताला टूटा मिला। चैक करने पर अलमारी में से 803400 रुपये का कैश गायब मिला। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चैक की तो 8 जून रात 8:30 बजे विकास कुमार अलमारी का ताला तोड़कर कैश ले जाता दिखाई दिया। रोहड़ाई पुलिस ने राहुल की शिकायत पर विकास के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### रोटरी क्लब मेन के प्रतिनिधिमंडल ने ब्लड बैंकों का किया दौरा



रेवाड़ी। ब्लड बैंक में मौजूद रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन के प्रतिनिधिमंडल ने रोटरी ब्लड बैंक गुरुग्राम, रोटरी ब्लड बैंक दिल्ली और रोटरी डायलिसिस सेंटर दिल्ली का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रशासन डा. नवीन अदलखा ने किया, जिसमें टीम के सदस्य अध्यक्ष ज्योति अदलखा, सचिव नेहा शर्मा, अनुकूल शर्मा, राहुल जैन, शारदा यादव, निधि गौतम, अनुराधा सैनी और विपिन यादव शामिल थे। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न ब्लड बैंकों की कार्यप्रणाली और समाज में उनके योगदान को समझने की कोशिश की। रोटरी क्लब ऑफ साउथ सिटी गुरुग्राम के वरिष्ठ सदस्य केएस यादव और ब्लड बैंक के सीएमओ डॉ. सुनील तनेजा ने टीम का स्वागत किया। क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी स्थानों पर पौधे भी लगाए। सचिव नेहा शर्मा ने कहा कि क्लब पंजाबी समाज के सहयोग से पंजाबी भवन के परिसर में विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून पर रक्तदान करने जा रहा है। क्लब की अध्यक्ष ज्योति अदलखा ने लोगों से रक्तदान के लिए आने का आग्रह किया। इस साल क्लब का यह 16वां रक्तदान शिविर होगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि रहेंगे। ओम प्रकाश खुराना और भीम गुलाटी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

**मौसम** दिन के समय तेज धूप कर रही परेशान, शाम के समय बादल छाने से कुछ राहत

## लगातार बढ़ रहा दिन व रात का तापमान, उमस से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। मंगलवार को धूप से बचाव करते सरकुलर रोड से गुजरते लोग।

दो दिन से लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण गर्मी का प्रकोप फिर से शुरू हो गया है। मंगलवार को दिन व रात का तापमान फिर से बढ़ गया। तेज धूप व लू लोगों को जमकर परेशान कर रही है। उमस लोगों के पसीने छूड़ाने का काम कर रही है। तापमान में बढ़ोतरी के साथ झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सप्ताह भर मौसम में बदलावा आने की संभावना नहीं है। बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रहेंगे। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव चलता रहेगा। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। सुबह 10 बजे बाद से ही तेज धूप व गर्म हवाओं ने काफी परेशान किया। अधिकतम तापमान .2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 44.2 पर आ गया तथा न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 29.5 पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह भारी गर्मी का कम हुआ फिर से बढ़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण बाजार व शहर की सड़कों पर लोग कम नजर आ रहे है। सामाजिक लोग मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को गर्मी में राहत दे रहे है। मंगलवार शाम को आसमान में बादल छाने से गर्मी का असर कुछ कम हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अभी बरसात आने की संभावना कम है।

#### पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़

मौसम में बदलाव होने से बिजली की खपत में आई कमी फिर से बढ़ने लगी है। गत दिवस 90 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई। मौसम बदलने के साथ ही दिन व रात में पावर कट भी लग रहे है। लोग प्री-मानसून बरसात का इंतजार कर रहे हैं। एक बार फिर से पेय पदार्थों की भी खपत बढ़ गई है। बाजार में नींबू की शिकंजी व गन्ने के रस की दुकानों पर भीड पड़ रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हुडा बाइपास पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौत हो गई। ओल्ड हाउसिंग बोर्ड निवासी मामराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह निजी अस्पताल में कार्यरत है तथा वही पर सेक्टर-3 निवासी बालू परशिवम भी कार्य करता है। 10 जून को दोनों बाइक पर अस्पताल के काम से पॉल्यूशन सेंटर सनसिटी थे। जब वह वापस अस्पताल आ रहे थे तो हुडा बाइपास पर शकुन्तला अस्पताल के पास तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से वह मोटर साइकिल से सड़क पर गिर गए तथा कार चालक कार से बालू परमशिवम को रौदते हुए निकल गया तथा मामराज भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को शकुन्तला अस्पताल में दाखिल कराया गया, एक्सीडेन्ट में लगी चोटों के कारण ईलाज के दौरान बालू परशिवम की मौत हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।



फादर्स-डे, 16 जून स्पेशल



आवरण कथा / वंदना जोशी

पिता के लिए बेटी बहुत दुलारी होती है, उसे यूं ही नहीं 'पापा की परी' कहा जाता। बेटी का भी अपने पापा से बेहद जुड़ाव और प्यार होता है। उसे लगता है, पापा हैं तो उसकी हर ख्वाहिश पूरी होगी, सपने पूरे होंगे। पापा भी अनेक रूपों में उसकी खुशी पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक पिता यानी बाबुल के वो रूप, जो बेटी के साथ छाया बनकर रहते हैं।

# कई रूप तुम्हारे बाबुल प्यारे

बेटी के लिए उसके पिता अर्थात बाबुल के कई रूप होते हैं। देखा जाए तो किसी भी बेटी के लिए उसका बाबुल उस वटवृक्ष की तरह है, जिसकी शीतल छांव न केवल अपनी बिटिया को दुनियाभर के संघर्षों, विपत्तियों की तपती धूप से बचाती है, उसे निश्चिंत और निर्भीक होकर जीने का साहस भी देती है। देखा जाता है कि ज्यादातर बेटियां अपने पिता के ज्यादा नजदीक होती हैं। ऐसे में पिता अकसर बेटियों की परवरिश को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं, उन्हें खुशहाल जिंदगी देने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह हर



पिता का सपना होता है, बेटियां मजबूत और आत्मनिर्भर बनें। इस सपने को पूरा करने के लिए या अपने सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए पिता नए-नए रूपों में दिखाई देते हैं।

### करते हैं मोटिवेट

यह सही है कि अधिकांश पिता इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ कम ही समय बिता पाते हैं। इससे उनके और बच्चों के बीच एक दूरी बन जाती है, लेकिन इधर कुछ वर्षों में उन्होंने इस बात को महसूस किया है, ये दूरियां मिटाई हैं। आज के पिता अपने बच्चों, विशेषकर अपनी बेटियों, से कनेक्ट रहने की पूरी कोशिश में रहते हैं। वे बेटियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर उन्हें बेहतर तरीके से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। वे बेटियों को यह शिक्षा भी देते हैं कि आज के प्रतियोगी दौर में जीवन में कैसे चला जाए कि सफलताएं मिलें। इससे बेटियां मोटिवेट होती हैं, सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूती हैं।

### बनते हैं सुरक्षा कवच



जिस तरह सीप का सख्त आवरण अपने अंदर मौजूद मोती की सुरक्षा करता है, उसी तरह पिता भी अपनी बेटी के लिए सुरक्षा कवच बनते हैं। आज के पिता अपनी बेटियों को ना केवल इस कुटिल जमाने का सामना करने के लिए उसके इर्द-गिर्द अदृश्य रूप में मौजूद रहते हैं, बल्कि वे उन्हें इस लायक भी बनाते हैं कि वे खुद होशियारी और बहादुरी से हर विकट स्थिति का सामना करें। बेटियां शारीरिक रूप से मजबूत भी रहें, इसके लिए आज के पिता सचेत रहते हैं। वे अपनी बेटियों को बचपन से ही स्पोर्ट और फिटनेस के प्रति रुचि जगाते हैं। वे बेटियों को उनके पसंदीदा खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें हर रोज व्यायाम और सुरक्षात्मक खेल, जैसे- जुडो-कराटे सिखाते हैं। यह आज के पिता के बदले रूप का ही परिणाम है, जो हमारी बेटियां खेल के विश्व मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं।

### रखते हैं पूरा ध्यान

वह पिता ही होते हैं, जो अपनी बेटियों का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। नए दौर के पिता न केवल बेटियों की देखभाल करते हैं बल्कि उन्हें खुद की देखभाल करना भी सिखाते हैं, जिससे उनकी दुलारी बेटी को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। आज जब अधिकांश बेटियों को घर और शहर से बाहर जॉब करने जाना पड़ता है, तब उन्हें अपने पिता की यह सीख बहुत काम आती है, वे अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम रहती हैं।



### बेटियों के आधार स्तंभ

समय के साथ-साथ समाज में पिता की भूमिका और उनका स्वरूप भी बहुत बदला है। पहले अधिकांश पिता अपनी बेटियों पर कम ही विश्वास करते थे। लेकिन इस नए दौर में बेटी और पिता के बीच विश्वास गहरा हुआ है। अब पिता अपनी बेटियों की कॉलेज या वर्क प्लेस की गतिविधियों पर रोक-टोक नहीं लगाते, एक भरोसा रखते हैं। इससे बेटियों के व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होता है। वे उस मुकाम पर आती हैं, जो उन्हें एक पहचान देता है, सशक्त बनाता है। पिता को यकीन है कि उनकी लाडली ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे उनके परिवार की साख गिरे। पिता के इस भरोसे से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी क्षमताएं बढ़ती हैं। इस तरह आज के पिता बेटी के करियर निर्माण का आधार स्तंभ बन रहे हैं। बेटियां भी कामयाबी की नई उड़ानें भर रही हैं।

### वे हैं बेटियों के स्वप्न-द्रष्टा

हर पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी समाज-देश में अपना नाम रोशन करे। यह तभी संभव है, जब बेटी बड़ा सपना देखे और उसे पूरा करने का प्रयास करे। इस नए दौर में पिताओं ने यह गुर जान लिया है कि उनकी बेटी कैसे बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने की राह पर आए। वे बेटियों की राह में बाधक नहीं बनते हैं बल्कि सही मायने में उनके स्वप्न-द्रष्टा हैं, जो अपनी बेटी को बचपन से ही बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन सपनों को पूरा करने में हर मदद को तैयार रहते हैं। इससे बेटियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपनी योग्यता का अहसास होता है और वो खुद को किसी से कम नहीं आंकती हैं। इससे उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है, वे मुकाबला करते हुए ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए अपने आपको सक्षम पाती हैं।

### बनते हैं मार्गदर्शक

आज के पिता बेटियों के अच्छे मार्गदर्शक भी हैं। पिता वह पहला शख्स होता है, जो अपनी बेटी के साथ संवाद स्थापित कर उसके भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक बनता है। आज पिता के उस रूप के दर्शन होने लगे हैं, जो अपनी बेटियों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपता बल्कि उन्हें उनकी इच्छा और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के निर्णय लेने के लिए जरूरी कौशल भी सिखाता है। आज का पिता जानता है कि बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना जरूरी है। वह परिवार का मुखिया होने के बावजूद निर्णयकर्ता की भूमिका नहीं निभाता, वह बेटियों के निर्णयों को नजरअंदाज करने की गलती न करते हुए उसके छोटे-छोटे फैसलों को सराहते हुए एक अच्छे, सच्चे मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।

नया दौर / रेखा शाह आरबी

## अमूल्य है पिता का प्यार



जमाना बदला तो नए दौर के पिताओं ने भी अपनी कठोर छवि तोड़ी। कभी परिवार में छुप-छुप करके अपने बच्चों से प्यार करने वाले पिता अब बच्चों के प्रति अपने प्रेम को छुपाते नहीं हैं, खुलकर प्रकट करते हैं। आज के पिता अपने बच्चे के फ्रेंड हैं। उनके साथ अब खुशी-खुशी पार्टी करते हैं, वीकेंड मनाते हैं। वे अपने बच्चों से सभी प्रॉब्लम्स पर बात करते हैं, उनको सॉल्यूशन सुझाते हैं।

**पालन-पोषण में निभाते हैं अपनी भागीदारी:** आज के पिता बच्चों के पालन-पोषण में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। बच्चे के जन्म से पहले और जन्म के बाद भी उतना ही स्ट्रेस उठाते हैं, जितना मां उठाती है। वे बच्चों की नैपी बदलने से लेकर उसकी दूध की बॉटल तक तैयार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रात-रात भर जगते हैं। इस तरह नए जमाने के पिताओं ने बच्चों के पालन-पोषण में अपनी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। वे इसे खुशी-खुशी निभा रहे हैं।

**पिता का महत्व:** हम दुनिया में चाहे जितना भी नाम कमा लें, लेकिन हमारी पहली पहचान हमारे पिता के नाम से ही होती है। बच्चों के लिए पिता ईश्वर की एक बेशकीमती सौगात हैं। जब कोई किसी से प्रेम करता है तो उसमें उसका कुछ ना कुछ स्वार्थ छिपा होता है, लेकिन पिता अपने बच्चों से निःस्वार्थ प्रेम करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए एक वटवृक्ष की तरह होते हैं। पिता दुनिया जहान की सारी धूप, बारिश, आंधी, तूफान अपने ऊपर झेल जाते हैं, अपने बच्चों तक कभी कोई भी मुसीबत नहीं आने देते। एक पिता का होना, बच्चों को बहुत सारी मुश्किलों से बचा लेना है।

**त्याग की मूर्ति:** मां के लिए यह खूब कहा जाता है कि वे त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। वह अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। पिता भी अपने बच्चे के लिए कम त्याग नहीं करते हैं। वे खुद जीवन भर तकलीफ उठाते हुए अपने बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं। एकमात्र पिता ही इस दुनिया का वह इंसान है, जो अपने बच्चों के सपनों के लिए अपने सपनों को मार देता है। अपनी संतान के लिए वह अपनी हार भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लेता है। वह सदा अपनी संतान का भला करता रहता है।

**पिता में भी होती है ममता:** अपनी संतान के प्रति ममता सिर्फ मां में ही नहीं होती, पिता में भी होती है। मां के अंदर यदि अपने बच्चों के लिए प्रेम का सागर बहता है तो पिता के अंदर भी अपने बच्चों के लिए एक मीठा सोता होता है। बच्चों के लिए पिता का प्यार अथाह होता है। वे अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चे के चेहरे की मुस्कान देखकर खिल उठते हैं। उन्हें लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मिल गई है। निश्चित ही पिता का प्यार अमूल्य होता है।

हेल्थ केयर

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बढ़ती उम्र में भी आपके पापा हेल्दी रहें, उन्हें कोई हेल्थ प्रॉब्लम ना हो, इसके लिए आपको ही ध्यान रखना होगा। इसके लिए आप उनके यहां बताए जा रहे टेस्ट जरूर करवाएं।

## पापा की सेहत का ऐसे रखें खयाल



बढ़ती उम्र के साथ हर किसी को सेहत संबंधी कई समस्याएं परेशान करने लगती हैं। मां की तरह ही परिवार का ध्यान रखने वाले पिता भी आमतौर पर अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में आपका यह फर्ज बनता है कि आप बढ़ती उम्र में पापा की सेहत संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, कराएं।

**ब्लड शुगर टेस्ट:** आजकल डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए अगर आपके पापा में कोई लक्षण नजर न आएं तो भी उनके ब्लड शुगर लेबल की जांच फास्टिंग पीपी और HbA1c की जांच जरूर करवानी चाहिए। अगर खाली पेट ग्लूकोज का लेवल 125 से अधिक आता है तो यह डायबिटीज का संकेत है। ऐसा होने पर पापा के खान-पान में परहेज के साथ डॉक्टर के दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

**ब्लड काउंट:** बढ़ती उम्र में पापाजी के ब्लड काउंट टेस्ट को करवाना भी जरूरी है। इस जांच में रेड और व्हाइट ब्लड सेल्स के साथ प्लेटलेट्स की संख्या का भी पता लगाया जाता है। इससे यह भी मालूम चलता है कि ब्लड में कोई इंफेक्शन तो नहीं है।

**ब्लड प्रेशर:** 50-55 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका भी रहती है, इसलिए नियमित रूप से पापा का बीपी टेस्ट कराना भी जरूरी है। आमतौर पर 80/120 को सामान्य ब्लडप्रेशर माना जाता है। जांच में ब्लड प्रेशर इससे अधिक हो तो पापा की डाइट में नमक का सेवन सीमित मात्रा में करवाएं।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** खान-पान संबंधी अनियमितता और लापरवाही के कारण ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, इसलिए अपने पापा का यह चेकअप भी जरूर करवाएं क्योंकि इसकी वजह से ही हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक हो तो डॉक्टर की सलाह पर पापा को दवाओं का सेवन शुरू करवा दें। साथ ही उनकी डाइट में घी, तेल, मक्खन, मैदा कम से कम दें।

**डेंटल चेकअप:** जो लोग सिगरेट पीते हैं या पान, मसाले का सेवन करते हैं, उनमें माउथ अल्सर या ओरल कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके अलावा ओल्ड एज में दांत कमजोर भी होने लगते हैं। इसलिए दांतों का रेग्युलर चेकअप भी करवाती रहें।

**आई चेकअप:** उम्र बढ़ने के साथ नजर कमजोर होने लगती है। इसलिए पापा के आंखों की जांच भी बहुत जरूरी है। आंखों की जांच से कैटरेक्ट और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों का भी समय रहते पता लग जाएगा। कई बार डायबिटीज की वजह से भी आंखों की दृष्टि प्रभावित होती है, आई चेकअप से इसे भी नियंत्रित किया जा सकता है।

**पीएसए टेस्ट:** इसे प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट कहा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों के प्रोस्टेट ग्लैंड का आकार बढ़ने की वजह से शरीर के इस हिस्से में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसका पता लगाने के लिए साल में एक बार पापा का पीएसए टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

अगर आप रेग्युलरली अपने पापा के यहां बताए गए टेस्ट करवाती हैं तो वे कई गंभीर बीमारियों से बचे रहेंगे।

प्रस्तुति:विनीता

सलाह / सरस्वती रमेश

वृद्धावस्था में शारीरिक-मानसिक कमजोरी आने ही लगती है। ऐसे में जीवनसाथी भी बिछड़ जाए तो सफर और कठिन हो जाता है। अगर आपके पिता को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो आपको उन्हें भावनात्मक संबल देना चाहिए।

## जब अकेले रह जाएं पिता उन्हें दें भावनात्मक संबल



जब तक बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, स्वावलंबी नहीं बन जाते, पिता उनको अपनी छत्रछाया में रखते हैं। वे अपने जीवन का सबसे कीमती समय, बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी जिम्मेदारियों का बोझ अपने कंधों पर उठाने में बिता देते हैं। अपने बच्चों को किसी मुसीबत के समय अकेले नहीं छोड़ते, हर स्थिति में उनका साथ निभाते हैं, उनका संबल बनते हैं। लेकिन कई बार दुर्भाग्यवश ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब जीवन की सांध्य बेला में पिता को एकाकी जीने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसा अकसर तब होता है, जब उनके जीवन यात्रा में साथ चलने वाली उनकी हमसफर उनका साथ छोड़ जाती हैं। बच्चे अपनी-अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं। बेटियां ब्याह कर अपने जीवनसाथी के घर चली जाती हैं। तब एक खालीपन पिता को चारों ओर से घेर लेता है। आजीविका कमाने के लिए जीवन भर व्यस्त रहने वाले पिता अचानक से इतने खाली हो जाते हैं कि एकाकीपन और अवसाद की भावना से भर उठते हैं। तब जीवन जीने के लिए उन्हें कोई सहारा नहीं दिखता। खालीपन के अंधेरे में कोई रोशनी उन्हें नजर नहीं आती। वे अलग-थलग अकेले रह जाते हैं। खुद को लाचार ही नहीं निरर्थक समझने लगते हैं।

### निभाएं संतान का दायित्व

अगर आपके पिता भी अकेलेपन की कुछ इसी तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं, आप उनकी अकेली संतान हैं या आपके भाई-भाभी अपनी नौकरी की वजह से पिता के साथ नहीं रह पा रहे हैं तो आपको उनकी देख-भाल के लिए आगे कदम बढ़ाना होगा। ऐसे में ना केवल पिता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, उनको भावनात्मक सहारा भी दें। जिस तरह बचपन में आपके निराश होने पर पिता आपको हौसला देते थे, कभी उदास या मायूस नहीं होने देते थे, अब उनको ऐसा अहसास दिलाने की बारी आपकी है। यकीन मानिए, अकेलेपन का सामना कर रहे पापा जब अपनी परी का स्नेह भरा संबल पाएंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके भीतर से एकाकीपन के बादल छंट जाएंगे। नई उमंग के साथ वे जीना सीख जाएंगे।

### समझें उनकी भावनाएं

यह सच है कि बुढ़ापे में कुछ ना कमाने या कर पाने का बोध, पिता को अपनी नजरों में खुद की कीमत कम कर देता है। ऐसे में अगर आप उनकी भावनाओं को नहीं समझेंगी तो उनकी मदद पूरी तरह नहीं कर पाएंगी। यह मान लेना कि अब पापा घूमना-फिरना नहीं चाहते होंगे, बस आस-पास के पार्क तक टहलना ही उनके लिए काफी है, दो वक्त के खाने और दवा के अलावा उनकी कोई जरूरत नहीं, ऐसी सोच गलत है। सिर्फ टाइम से खाना और दवा देना ही उनकी केयर में शामिल नहीं होता, जब संभव हो उनके साथ कुछ वक्त बिताकर, उनसे बातें कर, उनकी भावनाओं को समझकर, उनकी इच्छाओं को पूरा कर आप उन्हें भरपूर खुशी दे सकती हैं।

### पापा को दें हर संभव खुशी

जीवन के सफर में अकेले पड़ गए पिता खुशी-खुशी अपने जीवन की सांझ गुजारें, इसके लिए उनमें जीने का उल्लास आपको ही भरना चाहिए। इसके लिए आप अपनी खुशियों में उन्हें शामिल करना कभी ना भूलें। घर-बाहर से जुड़े हर छोटे-बड़े मामलों में उनसे उनकी राय जरूर जानें। खाने-पीने में उनकी पसंद पूछें। उनके जन्मदिन पर याद से उनकी पसंद का कोई तोहफा जरूर भेंट करें। बाहर घूमने जाएं तो पिता की सुविधा के स्थान का चुनाव करें। उनकी रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों का ख्याल रखें। उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। उनकी उपेक्षा न करें। घर के हल्के-फुल्के काम सुविधानुसार पापा से करवा सकती हैं, जिससे वे खुद को उपेक्षित न महसूस करें। इससे उनका समय भी अच्छा बीतेगा और घर चलाने में सहयोग करने की भावना भी उनमें आएगी। उनको अहसास दिलाएं कि वे परिवार का सबसे अहम हिस्सा हैं। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

अभिव्यक्ति

## मेरा हौसला मेरे पापा

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कुछ जानी-मानी हस्तियां सहेली को बता रही हैं, पिता उनके लिए कितना मायने रखते हैं, वे जीवन की डगर में कैसे संबल बने, पथ-प्रदर्शक बने?

### कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा

**शुभांगी अत्रे, टीवी कलाकार**



**मेरे जीवन** को संवारने में मेरे पापा की सबसे बड़ी भूमिका रही है। बहुत से भारतीय परिवारों में बेटों की चाहत और उन्हें महत्व देने की सोच देखी जाती है। पढ़ाई से लेकर उनके शौक पूरा करने और तमाम अन्य मामलों में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन हम तीन बहनें हैं, पापा ने कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा, हमें मजबूत बनाया। आज भी जब मैं किसी मुश्किल में फंसती हूं, लगता है कि क्या करूं, तो पापा यही कहते हैं कि तुम सब कुछ कर सकती हो। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। लेकिन जब जरूरत होती है, वह मेरी मुश्किलों के सामने मजबूत ढाल की तरह खड़े भी रहते हैं। वे समय-समय पर हमारे मार्गदर्शक बनकर दिशा-निर्देश देते रहते हैं। पापा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मेरे पापा मेरे सुपर हीरो हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर करियर बनाने तक उन्होंने सब कुछ प्यार से संभाला है। मेरी हर छोटी-बड़ी सफलता का श्रेय पापा को जाता है।

### मेरी हर सफलता में उनका योगदान है

**हिमा दास, एथलीट**



**पापा मेरे** मेरे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मुझे हमेशा सिखाया कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। हर सपना पूरा किया जा सकता है। वे मेरे पहले हीरो भी हैं और हमेशा रहेंगे। उनके बिना करियर के इस मुकाम पर पहुंचना मुमकिन नहीं था। पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया, प्रोत्साहित किया। मेरे जीवन की हर सफलता में उनका योगदान है। फादर्स-डे के इस अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। उन्होंने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, वह बहुमूल्य है। इस कर्ज को उतारा नहीं जा सकता। मैं उनके प्रति जीवन भर ऋणी रहूंगी।

### हर परिस्थिति, हर मुश्किल में वह मेरे साथ होते हैं

**मैथिली ठाकुर, शास्त्रीय गायिका**



**मैं आज** तक जो कर पाई हूं, वह अपने पिताजी की वजह से कर पाई हूं। लोग मेरे गाने की प्रशंसा करते हैं, लेकिन असल में यह सब कुछ पापा की वजह से है, यह सब उनका है। मैं सिर्फ एक जरिया भर हूं, जो लोगों के सामने गाती हूं, लोग मुझे सुनते हैं। अपने जीवन में मैं कई बार लड़खड़ाई हूं। कई ऐसे मौके आए हैं, जब मेरे पिता ने मुझे संभाला है। याद आते हैं वे दिन, जब मैं रियलिटी शोज से बाहर हो जाती थी, तो बहुत निराशा होती। लेकिन हताशा के समय पापा ने मुझे संभाला, मेरा हौसला बनाए रखा। मुझे शास्त्रीय संगीत के और ज्यादा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई समस्या हो, वे मेरे साथ खड़े होते हैं। पापा के लिए थैंक्यू शब्द बहुत छोटा है। फादर्स-डे पर उनसे यही कहना चाहूंगी कि मेरी पूरा कोशिश रहेगी कि आपने मेरे लिए जो सपने देखे हैं, वो पूरे हों।

प्रस्तुति: अंशु सिंह

## खबर संक्षेप

### बाबा खाटू श्याम का जागरण 18 को

**कुंड।** सीहा के राधा कृष्ण मंदिर में आगामी 18 जून को श्री खाटू श्याम बाबा का जागरण आयोजित होगा। संकरदास महाराज ने बताया कि अस्थल भाड़ावास गद्दी के महंत बाबा महावीरदास महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले जागरण में लोक गायक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। महाराज ने बताया कि 18 जून को सुबह हवन के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### बाबा रामस्वरूपदास आश्रम में भंडारा 22 को

**कुंड।** सीहा के बाबा रामस्वरूपदास दादूपंथी आश्रम पहाड़ी पर आगामी 22 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महंत नरोत्तमदास महाराज व धर्मदास महाराज दादूपंथी ने बताया कि पहाड़ी आश्रम पर एक संत हरिदास शिष्य ईश्वरदास पंच धूनी तपस्या में लीन है। 42 दिन की तपस्या पूरी होने के बाद 22 जून को आश्रम पर सुबह हवन यज्ञ, भजन कीर्तन, उपदेश, प्रवचन व भंडारे का आयोजन होगा।

### नाहड़ क्षेत्र के गांव से विवाहिता लापता

**नाहड़।** झाल गांव के मोड़ पर किराए के मकान में रह रहे मूल रूप से मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत नाहड़ पुलिस चौकी में दी है। व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी सोमवार को घर से दर्जी के पास सूट डालने की कह कर गई थी। परंतु वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर पत्नी की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लापता की तलाश प्रारंभ की है।

### बाबा भैया धाम पर श्रीमद् भागवत कथा 14 से

**कोसली।** सुधराना गांव के इष्ट देवता बाबा भैया के धाम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 जून से किया जाएगा। इससे पूर्व सुधराना गांव से साल्हावास रोड स्थित बाबा भैया धाम तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर जागरण तथा भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन कमेटी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन वृंदावन के कथा वाचक बांके बिहारी करेंगे। 20 जून को रात्रि जागरण में नरेंद्र कौशिक ग्रुप के सदस्य बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे तथा 21 जून को प्रातः हवन तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात चुरा ले गए चोर

**बावल।** गांव रसियावास स्थित मकान से चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। बावल थाना पुलिस ने मौके का मुआयना करके अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। गांव रसियावास निवासी श्योचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ सोया हुआ था। सुबह जब उठकर देखा तो दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा व सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, 400 ग्राम चांदी की तीन जोड़ी पायजेब के साथ ही अन्य जेवरात व सामान गायब थे। श्योचंद ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोर पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## करीब 26 गांवों में की जाएगी एससी व बीसी वर्ग की चौपालों की मरम्मत

# चौपालों की मरम्मत के लिए एक करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

- डा. बनवारी लाल ने इन चौपालों की मरम्मत का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए



डा. बनवारी लाल।

- चौपालें महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थान हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार ने जिले के बावल विधानसभा क्षेत्र के करीब 26 गांवों में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग चौपालों की मरम्मत के लिए 1.20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और लोक निर्माण विभाग मंत्री डा. बनवारी लाल ने इन चौपालों की मरम्मत का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चौपालें महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थान हैं, जिनका उपयोग ग्रामीण बैठक करने, विवाह समारोह आयोजित करने और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जाता है।

### चौपालों की मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि

गांव अलावलपुर में एससी चौपाल के लिए 1.62 लाख रुपये व बीसी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.67 लाख रुपये तथा गांव आनंदपुर में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.99 लाख रुपये, गांव आसरा का माजरा में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.62 लाख रुपये, गांव बालावास में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.98 लाख रुपये, भैरामपुर भडंगी में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 2.75 लाख रुपये, गांव बेरवाल में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 3.73 लाख रुपये, गांव भगवानपुर सुबासेडी में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 5.95 लाख रुपये, गांव चांदूवास में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.24 लाख रुपये, गांव चिराहड़ा में बीसी चौपाल की मरम्मत के लिए 3.87 लाख रुपये, गांव धारण में बीसी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.96 लाख रुपये व एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.98 लाख रुपये, गांव धरचाना में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 6.27 लाख रुपये तथा गांव गुर्जर माजरी में बीसी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.6 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### इन गांवों में भी चौपालों की होगी मरम्मत

गांव जयसिंहपुर खेड़ा में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.34 लाख रुपये, गांव झाबुआ में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 1.32 लाख रुपये, गांव केशोपुर में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.96 लाख रुपये, गांव खंडोड़ा में बीसी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.67 लाख रुपये, गांव नंगली परसापुर में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 2.56 लाख रुपये, गांव प्राणपुरा बावल में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 6.05 लाख रुपये, गांव शाहपुर में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 5.87 लाख रुपये, गांव शेखपुर में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 5.99 लाख रुपये, गांव सुठानी में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 1.73 लाख रुपये, गांव टांकड़ी में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.46 लाख रुपये, गांव तिहाड़ा में बीसी चौपाल की मरम्मत के लिए 6.24 लाख रुपये, गांव प्राणपुरा खोल में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 4.19 लाख रुपये, गांव पुंसिका में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 2.87 लाख रुपये तथा गांव नारायणपुर में एससी चौपाल की मरम्मत के लिए 3.01 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## परिवार पहचान पत्र की खामियों से प्रदेश की जनता परेशान

- प्रदेश की जनता एक बार फिर से चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रदेश की सत्ता सौंपने का मन बना चुकी : अनिल



अनिल पाल्हावास

- सरकार प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे करने वाली कंपनी पर पूरी तरह मेहरबान रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनिल पाल्हावास ने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की खामियों ने पूरे प्रदेश की जनता जमकर परेशान किया है। लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता इस सरकार को सबक सिखा चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता के रोष से बचने के लिए सरकार समाधान प्रकोष्ठ बनाकर एक बार फिर लोगों को लाइन में लगा रही है। मंगलवार को एक बयान में अनिल पाल्हावास ने कहा कि सरकार प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे करने वाली कंपनी पर पूरी तरह मेहरबान रही। गलत सर्वे के कारण लोग आज तक खामियाजा भुगत रहे हैं। सरकार ने कंपनी के खिलाफ समय रहते कोई एक्शन लेने की बजाय अपनी खामियों पर पर्दा डालने का प्रयास किया। लोग पीपीपी और प्रॉपर्टी आईडी की खामियों को दूर कराने के लिए ऑफिसों से लेकर सीएससी सेंटरों तक के चक्कर लगाते रहे। सरकार समाधान प्रकोष्ठ बनाकर लोगों को एक बार फिर लाइन में लगा रही है। ऐसे प्रकोष्ठ आने वाले समय में भाजपा के किसी काम नहीं आने वाले। दावा किया किया कि लोकसभा चुनावों के बाद प्रदेश के राजनीतिक हालात पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में आ गए हैं। प्रदेश की जनता एक बार फिर से चौ. भूपेंद्र सिंह को प्रदेश की सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। विधानसभा चुनावों में पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाएगी।

## फ्री आधार कार्ड अपडेट कराने के तीन दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के लिए फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख 14 जून निर्धारित की हुई है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 8 से 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना जरूरी है।

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि नागरिक स्वयं भी माईआधार.यूआईडीएआई.जीओव ी.इन वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर कराया जा सकता है। डीसी ने बताया कि आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माय आधार ऐप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची व पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है।

## डीसी ने कम लिंग अनुपात वाले गांवों में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए

## कम लिंगानुपात वाले गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फैलाएं जागरूकताः उपायुक्त

- उपायुक्त राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मंगलवार को उपायुक्त राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले के लिंग अनुपात बारे समीक्षा की गई। डीसी ने कम लिंग अनुपात वाले गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बताएं कि भ्रूण हत्या कराने से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी राहुल हुड्डा। फोटो :हरिभूमि

महिलाओं को समाज में लड़कियों के महत्व के बारे में जागरूक करें। इससे समाज में जो कुरीतियां पनपती है, उसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। जिले में पंजीकृत एमटीपी केंद्र है उनकी स्वास्थ्य विभाग मॉनिटरिंग करें एवं जांच करें कि वहां पर एमटीपी की आड़ में गलत या अनैतिक कार्य तो नहीं हो रहे है। स्कूलों में बालिका मंच के माध्यम से लड़कियों को भ्रूण हत्या से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे जागरूकता करें। डीसी ने लड़कियों के लिए जिले के सभी स्कूलों में शौचालय एंव सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि महिला एंव बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग मिलकर गांव स्तर पर ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करके लोगों को भ्रूण जांच एंव भ्रूण हत्या न कराने के बारे में जागरूक करें ताकि जिले के लिंग अनुपात में सुधार हो सके। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, महिला एंव बाल विकास विभाग से सुमन यादव, कमलेश राघव, महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र यादव व जिले के नोडॅल अधिकारी डॉ. भंवर, कपिल पूनिया व बीईओ सतपाल धूपिया उपस्थित थे।

## पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** थाना सतनाली की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रेड कर सतनाली क्षेत्र से अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपित चतर भुज वासी सतनाली को गिरफ्तार किया है। थाना सतनाली की पुलिस टीम गश्त के दौरान डिगरोता रोड सतनाली पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि चतर भुज वासी सतनाली अपने मकान के पास गत्ता पेटियों मे अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा है, अगर तुरंत रेड की जाए तो अवैध शराब सहित काबू आ सकता है। पुलिस ने बताए स्थान पर रेड की, पुलिस ने एक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने चतर्भुज बतलाया। गत्ता पेटियों को चेक करने पर अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद हुई।

## बुजुर्गों को अनुलोम विलोम का अभ्यास कराया

- एक दिवसीय योगाभ्यास कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक योग को पहुंचने का प्रयास कर रहा है। योग एक प्राचीन कला है, जिसके माध्यम से अपने आपको स्वस्थ रखा जा सकता है। भीषण गर्मी में बुजुर्ग अपने आप को कैसे स्वस्थ रखें बताने के लिए बुजुर्गों को एक दिवसीय योगा कैंप सरपंच बबली देवी की अगुवाई में गांव मोहम्मदपुर में आयोजित किया गया।



रेवाड़ी। योगाभ्यास करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

योग सहायक विनोद कुमार ने बुजुर्गों को विशेष प्राणायाम शीतली, शीतकारी भ्रामरी व अनुलोम विलोम का अभ्यास कराते हुए योग का महत्व बताया। इस अवसर पर हुकम चंद, सुरेश, लखीराम, देशराज, महेश, लोकेश, सुरेंद्र, कैलाश, मुनेश, भीम सिंह व घासीराम सहित अनेक युवा उपस्थित थे।

## योग दिवस को लेकर योग प्रोटोकॉल अभ्यास शुरू, कल होगी बैठक

- प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ ने योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर एडीसी अनुपमा अंजली व डॉ. दिनेश कार्यकारी जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के मार्गदर्शन में 12 जून तक योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा। जिला स्तर व ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, सरपंच, पंच, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट एवं इन्छुक जन-साधारण को आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई, डीपीई, खेल विभाग के योग टेनर्स एवं पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों की ओर से स्टेडियम, खेल मैदान व व्यायामशाला सहित अन्य स्थानों पर योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला स्तर पर आयुष विभाग की ओर से डॉ. बसंत कुमार एएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डा. राकेश छिल्लर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ ने योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ किया। ब्लॉक स्तर पर योग कराया गया। आयुष विभाग की ओर से ब्लॉक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए है। आमजन की सहभागिता के लिए एडीसी की ओर से सभी एसडीएम व समस्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा व आयोजन के लिए 13 जून सुबह 11 बजे एडीसी की अध्यक्षता में सभी विभागाध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया जाएगा, दसवें योग दिवस के कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

## शिक्षक की बाइक नकदी व मोबाइल चोरी

**धारूहेड़ा।** प्राइवेट स्कूल में कार्यरत शिक्षक के घर से चोर बाइक, मोबाइल फोन व नकदी चुरा ले गए। मूलरूप से बिहार के जिला छपरा के गांच सारणा निवासी वतर्घ्मान में नंदरामपुर बास रोड पर रह रहे पंकज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एसएसवीएम स्कूल आंकेड़ा मे बतौर अध्यापक नौकरी करता है। 14 मई को उसने बाइक खरीदी थी। 8 जून वह अपने साथी गोलू के साथ खाना खाकर सो गये थे। 9 जून को सुबह जब उठे तो देखा टेबल पर रखा मोबाइल फोन व कपडों के नीचे मेरे रखे 7200 रुपये गायब थे। बाहर गैलरी में जाकर देखा तो बाइक भी गायब थी।

## आईजीयू में बढ़ा कुलसचिव प्रमोद कुमार का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार को दूसरा कार्यकाल मिलने पर कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव सहित समस्त शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने बधाई दी। प्रो. प्रमोद कुमार ने 11 जून 2021 को विश्वविद्यालय के कुलसचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया था और उनका 3 वर्ष का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त होने जा रहा था, परंतु हरियाणा सरकार से प्राप्त लिखित आदेशानुसार



रेवाड़ी। कुलसचिव का स्वागत करते हुए कुलपति।

अगले आदेशों तक वह इस पद पर बने रहेंगे। विवि के कुलपति ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रथम कार्यकाल की तरह ही वह विश्वविद्यालय के विकास के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डा. शालिनी शर्मा भी उपस्थित रही। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परूथी ने शाल भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कुलपति एवं स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों की तरफ ले जाने में अपना भरपूर सहयोग देते रहेंगे। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह, डा. रविंद्र, सुशांत यादव, एक्सईएन एसके यादव, डा. विपिन कुमार, डा. महावीर बड़क, डा. सतीश खुराना, डा. सुनील कुमार, डा. जसविंदर सिंह, डा. रमेश कुमार, डा. सुमन नागपाल, डा. अदिति शर्मा व डा. ईश्वर शर्मा उपस्थित थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट को पुण्यतिथि पर किया याद

- राजेश पायलट ने अपने जीवन काल में नि:स्वार्थ भाव से किसानों एवं आम जनता के लिए संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व.राजेश पायलट की 24वीं पुण्यतिथि पर राजेश पायलट पर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुर्जर समाज के प्रधान चरण सिंह खटाना व राजेश पायलट स्मृति समिति के उपप्रधान कैलाश चंद्र सिराधना ने की। उन्होंने कहा कि राजेश पायलट ने अपने जीवन काल में निःस्वार्थ भाव से किसानों एवं आम जनता के लिए संघर्ष किया।



रेवाड़ी। राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करते समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

विशेषकर किसान वर्ग को उनसे खास जुड़ाव था और जो दुर्गति आज किसानों की देश में हो रही है, उसके लिए उनकी कमी का अहसास होता है। उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में गरीब, मजदूर व किसान के हक की लड़ाई लड़ी। पायलट का पूरा जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक पहलवान, राजेश खटाना सरपंच, रोशन चेयरमैन, लक्खी सरपंच, अज्जू पोसवाल, सतपाल सरपंच, विनोद प्रधान, राम सिंह सरपंच, झोरी सिंह, राहुल, राजेश एडवोकेट, हिमांशु सिराधना एडवोकेट, राजपाल सरपंच, महेंद्र, योगेश, जसवंत सिंह, तारा चंद, युद्धवीर पहलवान, सुरेश कसाना, पप्पू नंबरदार, जय नारायण, पिंकी रावत, सुखबीर, आजाद पटेल, जीतू प्रधान, रामू प्रधान, प्रताप कसाना, डा. बिट्टू, धर्मवीर सरपंच, धर्मेन्द्र, तरसपाल सिंह, लाल सिंह पोसवाल, रविंद्र एडवोकेट, सहिपाल, बलबीर कसाना, लक्ष्मण एडवोकेट, ओमप्रकाश सरपंच, लखमी सरपंच, राम सिंह पोसवाल व केहर सिंह पोसवाल मौजूद थे।


**रेवाड़ी कंसार संचालन संगठन, रेवाड़ी**

कंसार धर्मशाला, मौहल्ला ठठेरान, रेवाड़ी।

**चुनाव प्रकिया-2024**

| | | Collegium | | | Governing Body | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | विवरण | दिनांक से | दिनांक तक | समय | दिनांक से | दिनांक तक | समय |
| 1. | मतदाता सदस्यों की सूची का प्रदर्शन | 09.06.2024 | -- | 10:00 AM | 09.07.2024 | | 11:00 AM |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्ति | 10.06.2024 | -- | 11:00-02:00 | 10.07.2024 | | 10:00 AM |
| 3. | मतदाता सूची पर आपत्ति की सुनवाई | 14.06.2024 | -- | 11:00-02:00 | 10.07.2024 | | 12:00 PM |
| 4 | सदस्यों की अन्तिम सूची प्रकाशित | 15.06.2024 | -- | 10:00 AM | 11.07.2024 | | 11:00 AM |
| 5. | नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि | 24.06.2024 | 26.06.2024 | 11:00-02:00 | 13.07.2024 | 14.07.2024 | 11:00-02:00 |
| 6 | नामांकन पत्रों की छटनी | 27.06.2024 | -- | 10:00 AM | 16.07.2024 | | 11:00 AM |
| 7. | नामांकन पत्र वापिस लेने की तिथि | 28.06.2024 | -- | 11:00 AM-01:00 PM | 17.07.2024 | | 11:00-02:00 |
| 8. | चुनाव चिन्ह देने की तिथि | 28.06.2024 | -- | 01:00-03:00 PM | 18.07.2024 | | 11:00 AM |
| 9. | नोटिस बोर्ड पर चुनाव लड़ रहे अम्मीदवारों की सूची | 30.06.2024 | -- | 11:00 AM | 18.07.2024 | | 01:00 PM |
| 10. | मतदान | 07.07.2024 | -- | 09:00-04:00 | 28.07.2024 | | 09:00-04:00 PM |
| 11. | मतदान का परिणाम | 07.07.2024 | -- | चुनाव के पश्चात | 28.07.2024 | | चुनाव के पश्चात |

हस्ता/- चुनाव अधिकारी

रेवाड़ी कसार संचालन संगठन, रेवाड़ी, मो. 9416445444

## खबर संक्षेप

### सुनारिया में ट्रांसफार्मर से तेल व रॉड चोरी

**रेवाड़ी।** गांव सुनारिया में लगे ट्रांसफार्मर से चोर तेल व रॉड चोरी कर ले गए। समरजीत लाइनमैन का मंजीत निवासी सूरजपुरा ने सूचना दी कि गांव सुनारिया 11केवी रोजका फीडर में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर गिरा हुआ है और उसमे से तेल बिखरा हुआ है। इसके बाद डीएचबीवीएन जोनावास से उपमंडल अधिकारी ने साइट पर जाकर देखा तो ट्रासंफार्मर पोल से नीचे गिरा हुआ था और उसमें से तेल व रॉड चोरी हो गया था, जिससे निगम को 56325 रुपये का नुकसान हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चिमनावास मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी

**कुंड।** गांव चिमनावास स्थित मंदिर में दानपात्र से चोर नकदी चोरी कर ले गए। गांव चिमनावास निवासी सुरेश कुमार को माता का मंदिर व ठाकुर जी के मंदिर के रख-रखाव व पूजापाठ के लिए पुजारी नियुक्त किया हुआ है। 9 जून को वह मंदिर का मुख्य द्वार बंद करके चला गया था। सुबह के समय महिलाओं के मंदिर में जल्दी आने के कारण शीशे का द्वार खुला रहता है। 10 जून को करीब 6 बजे जब वह मंदिर आया तो दानपात्र टूटा हुआ था तथा उसमें से नकदी गायब थी। खोल थाना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### उष्मापुर हाई स्कूल की कंप्यूटर लैब में चोरी

**रेवाड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय उष्मापुर की कंप्यूटर लैब से चोर बैट्री के 16 सैल चुरा ले गए। विद्यालय के हैड मास्टर बलबीर सिंह ने रोहड़ाई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को 9 जून शाम 6:40 बजे विद्यालय में कार्यरत सुखसहायक सचिन पौधों में पानी डालने के लिए आया तो उसे विद्यालय की कंप्यूटर लैब का ताला टूटा मिला। उसने तुरंत इसकी सूचना हैड मास्टर को दी। उन्होंने कंप्यूटर लैब के सामान का मिलान किया तो लैब से 26 बैट्री के सैलों में से 16 बैट्री सैल गायब थे। पुलिस ने स्कूल का मौका मुआयना करके केस दर्ज कर लिया है।

### ठेके पर बीयर लेने गए युवक के साथ मारपीट

**बावल।** शराब के ठेके पर बीयर लेने गए युवक के साथ मारपीट हो गई। गांव रसियावास निवासी विकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 9 जून को रात्रि करीब 10 बजे से बीयर लेने को गया था तथा बाइक को ठेके के साथ खड़ी की थी। बाइक के पास गांव का ही संजय खड़ा था। जब वह बीयर लेकर आया तो उसे बाइक में चाबी नहीं मिली। उसने सैल्समन व संजय से चाबी के बारे में पूछा तो उन्होंने मना कर दिया। इतने में उसके चाचा का लड़का देवेन्द भी वहां आ गया तथा उसके साथ गाली-गलोच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। देवेन्द्र व संजय ने उसके साथ मारपीट करके मोबाइल फोन व और 1720 रुपये छीन लिए और फरार हो गए।

### बच्चों के साथ नहर में नहाने में बड़े भी नहीं पीछे, कई जिंदगी लील चुका नहर का पानी

# युवाओं व बच्चों की नहर में बेखौफ छंलाग, प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहा जान का जोखिम

- नहर में नहाने वाले कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं, जिनको तैरना कम आता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

प्रशासन की ओर से जिले की नहरों में नहाने के लिए पाबंदी लगाई हुई है, लेकिन वर्तमान में प्रशासन की अनदेखी के कारण ही युवा, बच्चे तथा बड़े लोग भी नहर व जोहड़ों में बैखोफ नहा रहे है। खासकर युवा एवं बच्चे नहरों में कूदकर अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। नाहड़-बहु मार्ग पर बाला धाम मंदिर के पास से गुजर रही जेएलएन नहर तथा भड़ंगी गोरिया चौराहे के नजदीक नाले में युवा व बच्चे रोजाना नहा रहे हैं।

नाहड़, बहू, झोलरी, कोहारड़, भड़ंगी, लिलोढ व गोरिया गांवों के युवा प्रतिदिन जान की परवाह किए बिना नहर में कूद रहे हैं। प्रशासन की ओर से भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सूबे में भीषण गर्मी के चलते आमजन विशेष कर युवा समूह बनाकर अपनी जान को जोखिम में डालकर नहर में अठखेलियां करते हैं। नहर में नहाने वाले कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं, जिनको तैरना कम आता है। युवा सड़क के पुल से आपस में हाथ पकड़ कर छलांग लगाते हैं। ऐसे में हमेशा दुर्घटना घटने का अंदेशा बना रहता है। कई युवा तो नहर के पास स्थित पेड़ पर चढ़कर छंलाग लगाते है। नहर में नहाने वालों में ज्यादा उम्र के लोग भी है, जो बच्चों को मना करने की बजाय खुद नहर में नहा रहे है।





रेवाड़ी। नहर में अठखेलियां करते बच्चे, नहर में नहाते हुए आम लोग तथा पुलिया से नहर में छंलाग लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### पंचायत एवं सामाजिक संगठन हों सक्रिय

इस तरह की प्रवृत्ति को रोकने में प्रशासन से ज्यादा पंचायतें और स्थानीय लोग भूमिका निभा सकते हैं। उनको युवाओं को इसके लिए समझाने बुझाने के साथ-साथ सामाजिक दबाव भी बनाना चाहिए। पंचायतों और सामाजिक संगठनों की सक्रियता से काफी असर पड़ेगा। युवाओं को समझना होगा कि वह देश और समाज की शक्ति हैं। ऐसे में उनको इस तरह अपने जीवन को खतरे में डालने से कुछ हासिल नहीं होगा। वह अपना जोश और जुनून को सही दिशा में लगाकर नए प्रतिमान स्थापित कर सकते हैं।

#### मना करने पर भी नहीं मान रहे युवा

जेएलएन नहर के पास स्थित दुकानदार राजाराम ने बताया कि युवा जान की परवाह किए बगैर नहर में नहाते हैं। वह बार-बार मना करते है, लेकिन मना करने पर भी नहर में छंलाग लगाते हैं। यहां तक कि नहर के तेज बहाव एवं गहरे पानी में अठखेलियां करते हैं। प्रशासन को गंभीरता से सोचकर इन पर रोक लगानी चाहिए।

#### प्रशासन के निर्देशों पर नहीं होता अमल

हादसों की रोकथाम के लिए प्रशासन हर वर्ष आमजन को नहर व जोहड़ों में न नहाने के लिए निर्देश जारी करता है। नहर के पानी के तेज बहाव तथा गहराई के कारण हादसे होने की संभावना बनी रहती है। नहर में नहाना कानूनन अपराध है। प्रशासन की ओर से नहर में नहाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए जाते है, लेकिन इन निर्देशों पर अमल नहीं किए जाने के कारण युवा बेखौफ नहर में नहाते है। युवाओं का भी कहना होता है कि भीषण गर्मी में नहर में नहाने से आराम मिलता है और उन्हें तैरना भी आता है।

#### नहर में कई युवा गवां बैठे अपनी जान

युवा और बच्चे नहाने के लिए जान दाव पर लगाकर नहरों व जोहड़ों में नियमों को ताक पर रखकर छलांग लगाते हैं। इनमें से कई बार छलांग लगाने वाले युवा बाद उबर नहीं पाते है। प्रशासन की ओर से गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश की जाती है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। लगातार हादसों के बावजूद इन जल धाराओं के किनारे किसी पहरे की कोई व्यवस्था नहीं है। नहर व जोहड़ों में नहाने से कई जिंदगियां खत्म हो चुकी हैं। कुछ दिन पूर्व महेंद्रगढ़ नहर में नहाने गए 4 किशोरों में से दो की रात को डूबने से मौत हो गई थी। अटेली फतेहपुर के जल घर में दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई थी। गांव दुलोठ जांट में जवाहरलाल कैनाल की डीग में चार बच्चों में दो की डूबने से मौत हो गई थी। इसी तरह गांव जादुपुर की कच्ची नहर में दौचाना के 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई थी। कसोला में 17 वर्षीय की नहर में डूबने से मौत हो गई थी। प्रशासन को इस ओर सख्ती बरतने की आवश्यकता है।

## योग प्राणायाम के नियमित अभ्यास से शरीर सुडोल व ताकतवर बनता : डा. युद्धवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गांव पीथड़ावास स्थित शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर के तीसरे दिन के अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी डा. युद्धवीर आर्य तथा योग शिक्षक धर्मवीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। डा. युद्धवीर आर्य ने ग्रामीणों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराते हुए कहा कि योग प्राणायाम का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। योग प्राणायाम के नियमित अभ्यास से हमारा शरीर सुड़ौल एवं ताकतवर बनता है। योग शिक्षक धर्मवीर यादव ने योगिंग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार तथा योग प्राणायाम का अभ्यास कराया। प्रवक्ता भीम सिंह व मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मौलिक मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार, प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार, अध्यापक रवि कुमार, समाजसेवी अमृत कुमार, हमीर सिंह, मोहित कुमार, नितेश कुमार, सुमित कुमार, जिले सिंह, भरपाई देवी, धनपति देवी व मामली देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करते ग्रामीण व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## एक सप्ताह बाद मिला डेंगू का पांचवा पॉजिटिव, बरसात आने पर बढ़ेगा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में मंगलवार को एक सप्ताह बाद सीजन का पांचवा डेंगू केस आ गया है। आगामी बरसात के सीजन में मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू व मलेरिया बीमारी का खतरा और बढ़ जाएगा। जिले में अब तक डेंगू का के 5 पॉजिटिव केस मिल चुके है। जिले में सीजन का पहला केस 6 मई को गांव डहीना, दूसरा केस 8 मई को शहर के यादव नगर, तीसरा केस 12 मई को गांव गाजी गोपालपुर व चौथा केस मोहल्ला रामसिंह पुरा में मिला था। मंगलवार को गांव श्योराज माजरा में पांचवा डेंगू पॉजिटिव केस मिला है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीजन में डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है।

मलेरिया अधिकारी डॉ. अमित यादव व मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अब तक शहरी व ग्रामीण इलाकों में एक लाख से अधिक मकानों में सर्च अभियान चलाकर लार्वा की जांच कर चुकी है। स्वास्थ्य निरीक्षकों की टीम घरों में कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज की ट्रे व पशुओं की खेल सहित आसपास ठहरे पानी में लार्वा की जांच कर रही है। लार्वा मिलने पर अप्रैल व मई माह में 59 लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जहां पर केस आए हैं वहां फोगिंग भी कराई जा रही है।

#### सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता

जिले में इस सीजन में डेंगू के पांच केस सामने आ चुके हैं। जिला मलेरिया विभाग की ओर से शहरी व ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाकर घरों में लार्वा मिलने पर नोटिस थमाए जा रहे हैं। यदि इन स्थानों पर दोबारा लार्वा मिलता है तो इनका चालान किया जाएगा। सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता है। बुखार होने पर चिकित्सक का उचित परामर्श लेकर ही दवाईयां लें।

- **डॉ सुरेन्द्र यादव,** सिविल सर्जन, रेवाड़ी।



### दुकान पर सामान लेने गए युवक से मारपीट

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव निगानियावास में गांव में ही व्यक्ति से युवक पर हमला कर दिया व जान से मारने की धमकी दी। गांव निवासी हिमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 9 जून रात करीब 8:30 गांव की दुकान पर सामान लेने गया था। तभी अचानक पीछे से आए गांव के पंकज उसे अपने पास बुलाया, जब उसने जाने से मना किया तो पंकज ने उस पर पीछे से हमला किया तथा दोनों हाथ पकड़ कर उसका सिर खंबे पर दे मारा। वह जैसे ही उससे छूटकर भागने लगा तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। हिमेश की शिकायत पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बेदखल पुत्र व पुत्रवधु ने की मां के साथ मारपीट

**रेवाड़ी।** कलयुगी बेटे व बहु ने अपनी मां व बहन के साथ मारपीट कर दी। पुष्प वाटिका निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दो लड़के व एक लड़की है तथा बड़ा लड़का पवन व पुत्रवधु रेखा कहने-सुनने से बाहर है, जिनकों बेदखल किया हुआ है। 10 जून को वह अपने पति मोहनलाल शर्मा व बेटी शिवानी के साथ घर पर थी तभी पंकज व रेखा जबरदस्ती घर में घुसने लगे। मना करने पर उन्होंने सुनीता व शिवानी के साथ मारपीट की। उसके पति के आने पर दोनों धमकी देकर चले गए।

## कृषि महाविद्यालय में सीटें घटाने के विरोध में भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल स्थित चौधरी चरण सिंह कृषि महाविद्यालय में सीटें कम करने के विरोध में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन की ओर से बावल स्थित लोक निर्माण मंत्री डा. बनवारी लाल के निवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया गया। यूनियन के पदाधिकारियों पे विवि में सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। भाकियू नेता रामकिशन महलावत के नेतृत्व में बावल शहर में एकत्रित हुए किसान प्रदर्शन करते हुए मंत्री के निवास पर पहुंचे। बावल के किसानों ने कृषि महाविद्यालय के लिए 200 एकड़ जमीन दी थी। सरकार ने इस पर बिल्डिंग और हॉस्टल बनाएं। पहले यहां 6 वर्षीय कोर्स की 55 सीटें और 6 वर्षीय कोर्स की 175 सीटें थी, जिस तरह से आबादी बढ़ी है। उसके अनुपात के मुताबिक, यहां सीटें बढ़नी चाहिए थी, लेकिन इस बार सरकार ने कृषि महाविद्यालय में वर्षीय कोर्स की सीटें घटाकर 40 और 6 वर्षीय कोर्स की घटाकर 165 कर दी हैं। महलावत ने 6 वर्षीय कोर्स की 100 सीटें और 4 वर्षीय कोर्स सीटें बढ़ाकर 200 करने की मांग की।

## न्यूज डायरी

### पुण्यतिथि पर बलिदानी नोनिहाल को दी श्रद्धांजलि



**कोसली।** कोसली गांव के बलिदानी नोनिहाल सिंह की पुण्यतिथि पर गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप सेंटर गुरुग्राम, बलिदानी की पत्नी सरला देवी तथा उनके बेटे लखन की ओर से आयोजन हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक कमांडेंट सोहेल लियाकत ने बलिदानी नोनिहाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने बलिदानी नोनिहाल सिंह के जीवन व बलिदान पर प्रकाश डालकर युवाओं को देशभक्ति के जज्बे से प्रेरित किया। नोनिहाल सिंह ने 11 जून 1989 को देश के लिए बलिदान दिया था। श्रद्धांजलि सभा में गांव के सरपंच रामकिशन, कप्तान कर्मसिंह, मनोज कोसलिया, रामफल कोसलिया, ओमप्रकाश डाबला, गुड्डू प्रधान, तेजपाल यादव, शिवकुमार आर्य, लीलाराम, मा.जगपाल, मा. भूदत्त शर्मा, सूबेदार धर्मवीर, अमित, रोशन, मदनलाल शर्मा, मा. हिम्मत राय, शमशेर, कृष्ण कुमार, किरोडी सिंह, हंसराज, धर्मू जेई, सतपाल नम्बरदार, गौरव, कार्तिक, सक्षम, देवेश व आदित्य मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

#### शिविर में डीसी, एसपी सहित अधिकारी रहे मौजूद

## समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों का हुआ समाधान, दूसरे दिन रही पेंशन की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश पर आमजन की समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए लघु सचिवालय सभागार में मंगलवार को समाधान शिविर के दूसरे दिन लोगों ने डीसी राहुल हुड्डा के समक्ष जनसमस्याएं रखी, जिनमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में डीसी राहुल हुड्डा ने एसपी शशांक कुमार सावन व एडीसी अनुपमा अंजलि व अन्य सम्बंधित विभागों की मौजूदगी में लोगों से सीधा संवाद किया और आमजन की शिकायतों का समाधान करते हुए राहत पहुंचाई।

समाधान शिविर में डीसी ने आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए। डीसी हुड्डा ने बताया कि जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हर रोज लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। विभिन्न विभागों के अधिकारी सुबह 9 बजे से ग्यारह बजे तक शिविर में मौजूद रहकर लोगों की शिकायतें दूर करेंगे। दूसरे दिन शिविर में कुछ लोग पेंशन से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनके समाधान के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। शिविर के उपरांत डीसी ने अधिकारियों के साथ मीटिंग करके प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लेकर गंभीरता के साथ कार्य करते हुए उनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि मूलभूत समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। उन्होंने नगर परिषद व जन स्वास्थ्य विभाग को नालों व सीवरेज की सफाई जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए ताकि मानसून के वक्त जलभराव की समस्या न पैदा हो सकें। डीसी ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक समाधान शिविर का जिला मुख्यालय में आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजली के अलावा अन्य सभी विभागों के प्रमुखों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।




रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनते डीसी व अन्य अधिकारी।

### महिलाओं ने गांव अलावलपुर में निकाली कलश यात्रा



**धारूहेड़ा।** गांव अलावलपुर के शिव मंदिर से मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा श्याम नगर के श्याम मंदिर में पहुंची। कलश यात्रा में 200 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया। श्याम मंदिर में पंडित ने कलश का विधिवत पूजन किया। रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन किया गया। 12 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा का शुभारंभ ग्राम सरपंच उषा रानी ने किया। शिव भोलेनाथ मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट व श्याम सेवा समिति अलावलपुर के कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा में छबील लगाकर पानी पिलाया। इस अवसर पर ट्रस्ट व समिति के पदाधिकारी में सदस्य सुरेश कुमार, मुरारी, जोगिंदर सिंह ,राजवीर, दिनेश, जसवंत, गोवर्धन, ईश्वर, सुनील, ब्रह्मदत्त, अनिल, करण सिंह, रोहित, उमेश व राकेश सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

ARORA METAL & ALLOYS
We Deal in all kinds of Metal Scraps
Spl. in :
Remelted Scrap (Sikka)
MS Iron Scrap
OFFICE Plot no 32, Sector 9, Phase III IMT, Bawal-123501
Prop.: Rahul Arora : +919811998149